राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल की राष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट

—

जयपुर,19 सितम्बर। राजस्थान के राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद से शिष्टाचार भेंट की। राजस्थान के राज्यपाल का पद संभालने के बाद श्री मिश्र की राष्ट्रपति से यह पहली मुलाकात थी।

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में गुरूवार को हुई मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को पुष्पगुच्छ, शॉल, राजस्थानी लोक गीतों की सी.डी. और स्मृति चिन्ह भेंट किया। राज्यपाल श्री मिश्र और राष्ट्रपति श्री कोविंद की यह मुलाकात लगभग चालीस मिनिट की रही।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल